भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4371**
20.03.2020 को उत्तर के लिए

**राजस्थान में वनग्राम**

4371. श्री विनोद कुमार सोनकरः

क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस समय राजस्थान में कितने वनग्राम गांव हैं;
(ख) किसी क्षेत्र को वनग्राम घोषित करने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं; और
(ग) उक्त वनग्रामों में विकास के क्या कार्य किए जा रहे हैं तथा गत तीन वर्षों के दौरान उक्त कार्य के लिए कितनी निधि खर्च की गई है?

<u>**उत्तर**</u>

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) राजस्थान सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, राजस्थान राज्य में कोई वन ग्राम मौजूद नहीं है।

(ख) अनुसूचित जनजाति और अन्य पारम्परिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के अनुसार, ''वन ग्राम'' से तात्पर्य वे बस्तियों हैं जिन्हें किसी राज्य सरकार के वन विभाग द्वारा वानिकी प्रचालनों हेतु वन क्षेत्र के भीतर स्थापित किया गया है या जिन्हें वन आरक्षण प्रक्रिया के माध्यम से वन ग्रामों में परिवर्तित किया गया था और जिनमें बस्तियां ग्राम, निश्चित मांग स्वामित्व, *टॉंगिया* बस्तियों के सभी प्रकार, ऐसे ग्रामों को जिस भी नाम से बोला जाता हो, शामिल हैं और इसमें सरकार द्वारा कृषि और अन्य उपयोगों हेतु अनुमत की गई भूमियां शामिल हैं।

(ग) प्रश्न के भाग (क) के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

*****